हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 23 मार्च 2024

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]


तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 28.2 डिग्री


4

100 दिन में हुए कई वादे पूरे, रचा कीर्तिमानः अग्रवाल




## खबर संक्षेप

### संकल्प शिक्षण संस्थान में प्रवेश 15 अप्रैल तक

**जशपुरनगर।** जिला कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज न्यास निधि मद से संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव में कक्षा 9 वीं में हिन्दी माध्यम की कुल 120 सीटों में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2024 निर्धारित की गई है। चयन परीक्षा 21 अप्रैल को जिला मुख्यालय में पांच केंद्रों में आयोजित होगी। इस बारे में जानकारी देते हुए संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि नवीन शैक्षणिक सत्र में संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में कक्षा 9 वीं में 20 छात्र एवं 20 छात्राओं जिसमें 02 बालक एवं 03 बालिका पहाडी कोरवा व बिरहोर जनजाति के होगें। संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी में कक्षा 9 वीं में 20 छात्र एवं 20 छात्राओं, संकल्प शिक्षण संस्थान पत्थलगांव में कक्षा 9 वीं में 20 छात्र एवं 20 छात्राओं को प्रवेश दिया जायेगा।

### शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाला फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ने 6 फरवरी को थाना शिवरीनारायण में रिपोर्ट दर्ज कराया कि सुरेश तुरकाने निवासी भिलौनी थाना पचपेडी जिला बिलासपुर द्वारा शादी करने का झांसा देकर दैहिक शोषण किया। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध थाना शिवरीनारायण में धारा 376 भादवि 04, 06 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है। आरोपी घटना घटित कर फरार हो गया था जिसकी पुलिस द्वारा लगातार पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी सुरेश तुरकाने को पकड़ा। जिसको हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पुछताछ किया गया जो जुर्म स्वीकार किए जाने तथा आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर 21 मार्च को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक सागर पाठक थाना प्रभारी शिवरीनारायण, सउनि नीलमणी कुसुम आरक्षक महेंद्र राज, रामकुमार कश्यप का योगदान रहा।

### चिड़ियामार बंदूक से धमकाने वाले 3 गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा ।** चिडीमार बंदूक से डरा धमका कर शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा के पीपलपारा का है। अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सम्मेलाल श्रीवास उम्र 54 वर्ष निवासी नायक टांड अकलतरा 12 मार्च को करीबन शाम 4 बजे अपने पडोसी के साथ अपने घर के सामने बैठे थे। उसी समय आरोपीगण प्रार्थी के पास मोटरसायकल मे आये और हाथ मे रखे चिडिमार बंदूक से डराने धमकाने लगा और शराब पीने के लिए पैसे की मांग कर मारपीट कर अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने लगा। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में धारा 294, 506, 323,327,34 भादवि 25,27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना अकलतरा पुलिस द्वारा आरोपियो को उसके सकुनत से पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर घटना के संबध में पूछताछ किया तो जुर्म स्वीकार किए जाने से तथा अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर 21 मार्च को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### आरोपी के विरूद्ध तपकरा थाने में आबकारी एक्ट का अपराध दर्ज

# अवैध रूप से 30 लीटर नशीली ताड़ी रखने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को अवैध नशीली वस्तु गांजा शराब, नशीली दवायें एवं नशे के अन्य वस्तुओं के बारे में पतासाजी कर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु लगातार निर्देशित किया जा रहा है ताकि आगामी लोकसभा चुनाव शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हो तथा समाज को भी नशा मुक्त किया जा सके।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जशपुर अनिल कुमार सोनी के मार्गदर्शन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कुनकुरी विनोद मण्डावी के नेतृत्व में थाना तपकरा से भी एक विशेष टीम बनाकर अवैध नशीली वस्तुओं की पतासाजी कर कार्यवाही हेतु लगाया गया है। पतासाजी के दौरान पुलिस टीम को 21 मार्च को सूचना मिली कि जामबहार का अशोक खाखा अपने घर के पास आम जगह रोड किनारे कहीं से भारी मात्रा में नशीली ताड़ी लाकर रखकर बिक्री कर रहा है। कि पुलिस टीम द्वारा तत्काल ग्रांम जामबहार जाकर रेड किया गया तथा घेराबंदी कर आरोपी अशोक खाखा को अभिरक्षा में लिया जाकर उसके कब्जे से अवैध रूप से बिकी हेतु बड़ी जरकीन में भरा हुआ 30 लीटर ताड़ी के साथ मिला जिसके कब्जे से एक जरकीन में भरा हुआ अवैध मादक द्रव्य ताड़ी कुल 30 लीटर, गिलास तथा ताड़ी का बिकी का रकम 250 रूपए कुल 1750 रूपए का बरामद कर धारा 34(1) (घ), 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत जप्त कर कार्यवाही किया जाकर आरोपी अशोक खाखा उम्र 35 वर्ष निवासी जामबहार थाना तपकरा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी तपकरा उप निरीक्षक सुनील सिंह, प्रधान आरक्षक अजय लकडा, आरक्षक शिवशंकर राम, सन्तूराम, अविनाश एक्का, आदि की भूमिका रही।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### नशे के विरूद्ध जशपुर पुलिस की कार्रवाई

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु शशिमोहन सिंह पुलिस अधीक्षक जिला-जशपुर (छत्तीसगढ़) द्वारा जिले के विभिन्न थाना व चौकी में जुआ-सट्टा एवं अवैध मादक पदार्थों के परिवहन एवं बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में 20 मार्च को जिला जशपुर के विभिन्न थाना व चौकी में अवैध महुआ शराब पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए कुल 62 लीटर से अधिक महुआ शराब कुल कीमती 7,340 रूपए एवं नगदी रकम 750 रूपये जप्त की गई। कुल 14 प्रकरणों में थाना-बगीचा में 05 प्रकरण, बागबहार में 03 प्रकरण, कुनकुरी में 02 प्रकरण एवं थाना-जशपुर, दुलदुला, नारायणपुर, सन्ना में 01-01 प्रकरण दर्ज की गई। 04 प्रकरणों में 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया एवं 10 प्रकरणों में 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गई है। पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह पुलिस अधीक्षक जिला-जशपुर (छत्तीसगढ़) ने जिला-जशपुर के सभी थाना व चौकी को जुआ, सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियों की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है, सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही को जा रही है।



# छत्तीसगढ़ बोर्ड की दसवीं बारहवीं की परीक्षा समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयजित छत्तीसगढ़ बोर्ड की दसवीं व बारहवीं की परीक्षा 21 मार्च को समाप्त हो गई। लेकिन पूरे जिले में बारहवीं के 17 छात्र नकल करते पकड़े गए है। गौर करने वाली बात ये है की शासकीय नवीन आदर्श उच्चतर माध्यमिक शाला जशपुर जिसमे कांग्रेस शासन की महत्वाकांक्षी शिक्षा योजना के अंतर्गत संचालित आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का भी संचालन होता है। 19 मार्च को गणित की परीक्षा में एक ही कमरे में बारहवीं की परीक्षा दे रहे 17 छात्रों में से 7 छात्रों के पास से नकल सामग्री मिलने पर उड़ान दस्ता का नेतृत्व करने वाली जशपुर तहसीदार जयश्री राजनपथे ने नकल प्रकरण बनाया है। इसी तरह मनोरा के तहसीलदार के नेतृत्व में 7 छात्रों का नकल प्रकरण बनाया गया था।अंतिम दिन भी मनोरा स्कूल में 2 और आत्मानंद स्कूल में 1 छात्र नकल प्रकरण में पकड़े गए है। इस तरह पूरी परीक्षा के दौरान 17 छात्रों का नकल प्रकरण बनाया गया है। जो की सभी बारहवीं के छात्र है।

**खास बात**

- परीक्षा के दौरान नकल करते 17 छात्र पकड़ाए

**एक कमरे में छह नकलची**

एक ही कमरे में छः छात्रों का नकल प्रकरण बनना चिंतनीय विषय है। इसकी जांच की जाएगी और दोषी केंद्राध्यक्ष, उप केंद्राध्यक्ष, व ड्यूटी कर रहे शिक्षको पर कार्यवाही की जाएगी।

**पीके भटनागर**, जिला शिक्षा अधिकारी

## परियोजना कार्य एवं लघु शोध प्रबंध कार्य भविष्य के लिए आवश्यक

**जशपुरनगर।** शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुरए के प्राचार्य डॉ विजय रक्षित ने उक्त बातें आज वनस्पति शास्त्र एवं समाजशास्त्र के छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा। छत्तीसगढ़ शासनए उच्च शिक्षा विभाग एवं संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजाए अमिबकापुर के द्वारा स्नातकोत्तर स्तर में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए द्वितीय सेमेस्टर में परियोजना कार्य एवं चतुर्थ सेमेस्टर के लिए लघु शोध प्रबन्ध अनिवार्य किया है। इसी के महत्व को देखते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय रक्षित ने वनस्पति शास्त्र एवं समाजशास्त्र विभाग के छात्र.छात्राओं को परियोजना कार्य एवं लघु शोध प्रबंध कार्य कैसे किया जाए। इस संबंध में वनस्पति शास्त्र विभाग के संगठन व्यवस्था में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। डॉ विजय रक्षित ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि पहले विषय का चयन अपने इच्छा एवं पाठ्यक्रम के अनुसार और अपने विषय के प्राध्यापक से सलाह लेकर करेंए फिर चिन्तन के बाद विषय सूचीए पूर्व में किए गए अध्ययनए समस्याएंए परिकल्पनाए शोध विधि एवं संदर्भ ग्रंथ की जानकारी स्पष्ट देंए जशपुर जिले में बहुत ही काम करने की आवश्यकता एवं संभावनाएं हैं। उन्होंने बहुत ही उदासीनता के साथ कहा कि छात्र छात्राएं काम नहीं करना चाहते हैं तथा हम भी बहुत ज़्यादा इस मुद्दे में गम्भीर नहीं हैए पर अब कोविड 19 के बाद हमें पुनः कार्य करने की आवश्यकता है। आज उन्होंने यह भी बताया कि सामग्री कहा मिलेगीएमात्र आनलाइन नेट से सामग्री से काम नहीं चलेगाए आपको व्यक्तिगत रूप से संबंधित पक्ष से बात करने की आवश्यकता है। बात भी स्थानीय बोली और भाषा में होनी चाहिएए जिससे उत्तरदाता बिना झिझके जानकारी दें सकें। कुछ छात्र छात्राओं ने बताया कि हम जशपुर जिले में औषधीय पौधे पर कार्य कर रहे हैंए उत्साहित होकर उन्होंने विभागाध्यक्ष प्रो डीआर राठिया को धन्यवाद देते हुए कहा कि बच्चे कैलाश गुफा में उपलब्ध तेजबल जो कि मात्र जशपुर जिले में मिलता है।



छात्राओं को संबोधित करते प्राचार्य।

## प्रकृति व इंसान दोनों ने सजाया रंगों का बाजार



रंगों और पिचकारियों से सजी दुकानें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

फाल्गुन का महीना शुरू होते ही प्रकृति और इंसान दोनो हो रंगो का त्योहार मानने की जुगत में लग जाते है। प्रकृति ने पलाश को रंगो के राजा के रूप में फाल्गुन शुरू होते ही अपनी छटा बिखेरने का अवसर देती है। उसी तरह सेमर भी अपनी रंगो की छटा बिखेरने लगती है। इंसान भी फाल्गुन आते ही मदमस्त हो जाते है और रंगबिरंगे रंगो से सराबोर होने को बेताब हो जाते है। ये बताना लाजमी है की राजा हिरण कश्यप की बहन होलिका का बेटा प्रह्लाद ईश्वर का अनन्य भक्त हुआ करता था। जिससे हिरण कश्यप उसे पसंद नही करता था। इस कारण राजा हिरण कश्यप ने होलिका के गोद में प्रह्लाद को बैठाकर लकड़ियों के ढेर में आग लगा दी थी। लेकिन प्रह्लाद सही सलामत बच गया। तभी से होली का त्योहार मनाया जाता है। लोग खुशियां मनाते हुए एक दूसरे को ज्यादा से ज्यादा रंगना चाहते है और कोई बुरा भी नहीं मानता है।

## होली पर्व पर शांति समिति की बैठक

पत्थलगांव । आगामी होली पर्व को देखते हुए थाने में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में कानून व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा की गई बैठक में पुलिस विभाग के थानेदार भानु प्रताप चंद्राकर एएसडीएम आकांक्षा त्रिपाठीए तहसीलदार एवं शहर के सभी समुदाय के गणमान्य नागरिक एवं शहर के पत्रकार उपस्थित थे। बैठक में सभी नागरिकों से कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई शहर वासियों से कहा कि शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने में अपना योगदान दें एवं प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर भाईचारा एवं



शांति का कीर्तिमान स्थापित करते हुए त्यौहार को सौहार्द पूर्ण वातावरण में बनाया जावे ।बैठक में शहर के यातायात व्यवस्था एवं चुनावी बातों को भी साझा किया गया।

## नवसंकल्प शिक्षण संस्थान के 9 छात्र सीजीपीएससी प्री में सफल









**जशपुरनगर।** जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत जिला कलेक्टर रवि मित्तल एवं जिला सीईओ अभिषेक कुमार के नेतृत्व में संचालित नवसंकल्प शिक्षण संस्थान के कुल 9 छात्र.छात्रों ने राज्य लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा 2023 में सफलता का परचम लहराया है। इन सभी छात्रों ने नवसंकल्प के विभिन्न बैच में रह कर परीक्षा की तैयारी की है।

संस्थान के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया की इस वर्ष पीएससी का कटऑफ काफी ज्यादा गया ऐसे में एक साथ 9 छात्रों ने प्रारंभिक परीक्षा पास कर नवसंकल्प के सफलता के क्रम को जारी रखा और यह संस्थान के लिए गौरव की बात है। सफल होने वाले छात्रों में मनीष राठियाए अरुणा एक्काए अजय कुमार सायए अंशु बाईए तारा बाईए अरविन्द भगतए किरण भगतए दीपक कुजूरए श्यामनाथ कुर्रे शामिल हैं।

छात्रों की सफलता में संस्थान के समन्वयक आशुतोष चौबे और विषय विशेषज्ञों विनीत तिवारीए विवेक पाठकए मनीष गुप्ताए शैलेश कोसलेए शुश्री खुशबू द्विवेदी ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सफल छात्रों को मेंस की परीक्षा में ध्यान केन्द्रित करने कीए टेस्ट सीरीज दिलाने और उत्तर लेखन अधिक से अधिक सुधार करने की सलाह दी। बता दें की पीएससी प्री की परीक्षा 11 फ़रवरी को आयोजित की गयी थी और मेंस की परीक्षा 23ए 24ए 25 और 26 जून को सभी संभाग मुख्यालय में आयोजित की जायेंगी।



न्योता भोज में शामिल बच्चे।

### श्रमिकों ने चुनाव में सहभागिता निभाने की ली शपथ

# मनरेगा कार्य स्थलों पर मतदाताओं को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में स्वीप कार्ययोजना के क्रियान्वयन की दिशा में मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस ओर वर्तमान में जिले के ग्रामीण ईलाकों पर मनरेगा के कार्यस्थलों में उपस्थित श्रमिकों को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से जोडने सहित उन्हे मताधिकार का प्रयोग करने प्रोत्साहित किया जा रहा है। वहीं 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा मतदाताओं का अन्य मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए समझाईश दी जा रही है।

इसी तारतम्य में जिले के बगीचा जनपद पंचायत अंतर्गत पंडरापाठ, बूटगा, सामरबार, बंबा, सुलेसा, दुलदुला जनपद पंचायत अंतर्गत लोरो, चटकपुर, गट्टीमुद्दा, जशपुर जनपद पंचायत अंतर्गत जुरतेल, पुरना नगर पुत्तीचौरा कांसाबेल जनपद पंचायत अंतर्गत सुजीबाहरए केंदाडांड, जुमायीकेलाए खूंटीटोली, बांसबाहर, दोकडा, पोंगरो, लामडांड, सजापानी, चोंगरीबहा, खुटेरा, कुनकुरी जनपद पंचायत अंतर्गत खरवाटोली, दाराखरिकाए मनोरा जनपद पंचायत अंतर्गत डंडगांवए सुरजलाए पत्थलगांव जनपद पंचायत अंतर्गत बालझार, फरसाबहार जनपद पंचायत अंतर्गत फरसाबहार, कोरगामांल, खरीबहारए सिगिबहार] जबला, केरसाई, महुआडीह में में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत श्रमिकों ने हर एक निर्वाचन में सहभागिता निभाने सहित मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। इस दौरान सरपंच, सचिव, तकनीकी सहायक व रोजगार सहायकों और पंचायत सचिवों और पंचायत प्रतिनिधियों सहित श्रमिकों ने मानव श्रृलंखा बनाकर अन्य मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने सहित मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया।



शपथ लेते मजदूर।

## कोड़लिया के शिक्षकों ने कराया न्योता भोज

कांसाबेल। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत स्कूलों में बच्चों को दिए जाने वाले मध्यान भोजन में न्योता भोजन की अवधारणा जोड़ने के बाद से लगातार अलग.अलग जिलों से बच्चों को न्योता भोजन कराए जाने की खबरें आ रही है। न्योता भोजन खाकर बच्चों के चेहरे पर खुशियां देखते ही बन रही हैए साथ ही इसको लेकर समुदायए सामाजिक संगठनों में भी काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी अभिनव पहल में आज कांसाबेल विकासखंड के सागीभावना संकुल अंतर्गत शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला कोड़लिया में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत स्कूली बच्चों के लिए माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक संजय राम ने अपने जन्म दिन के उपलक्ष्य में एवं मनीष कुमार प्रधान व अनिल कुमार मिश्रा द्वारा अपने शादी सालगिरह के उपलक्ष्य में केक काटकर बच्चों को न्योता भोजन कराया। बच्चों को नियमित मध्याह्न भोजन के साथ पौष्टिक खीरए पुड़ीए छोलाए सब्जीए पेड़ा तथा केलाए मंच चॉकलेट और अन्य व्यंजन अपने हाथों से परोसे गए। भोजन करते समय बच्चों के चेहरे पर अपार खुशियां झलक रही थीए वे आज बहुत ही खुश थे। संस्था के प्रधान पाठक श्रीमती मधुमती चौहान एवं सुबेदान तिर्की ने आभार ब्यक्त करते हुए कहा कि अपने जीवन के महत्त्वपूर्ण दिन जैसे अपना जन्म दिनए शादी विवाहए शादी सालगिरह इत्यादि अन्य कार्यक्रमों को स्कूली बच्चों के साथ मनाएं। उन्हें इसी प्रकार से न्योता भोजन दें। उन्हें पूरा भोजन भी कराया जा सकता है या उनके भोजन में पौष्टिक भोज्य पदार्थ शामिल किया जा सकता है।

22 March -Jash Bhoomi pg2_Layout 1 3/22/2024 7:25 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड


## 'मार्वल 1943: राइज ऑफ हाइड्रा' का ट्रेलर जारी, दिखे ब्लैक पैंथर-कैप्टन अमेरिका



अवॉर्ड विनिंग लेखक-निर्देशक एमी हेनिग अपने आगामी प्रोजेक्ट को लेकर जबरदस्त सुर्खियों में हैं। मार्वल गेम्स ने बीते दिन अपने आगामी कथा-संचालित एक्शन-एडवेंचर गेम 'मार्वल 1943: राइज ऑफ हाइड्रा' पर नए विवरण साझा किए। मार्वल ने नया ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें फैंस को गेम की एक झलक देखने को मिलती है। यह खिलाड़ियों को खेल के विभिन्न बिंदुओं पर खेलने योग्य चार नायकों के समूह के साथ द्वितीय विश्व युद्ध के साहसिक कार्य पर ले जाता है। ट्रेलर से साफ हो रहा है कि जैसे ही खेल की कहानी सामने आएगी, खिलाड़ी चार मुख्य किरदारों की भूमिका निभाएंगे। इनमें एक युवा स्टीव रोजर्स उर्फ कैप्टन अमेरिका, अज्जुरी, टी'चल्ला के दादा और द्वितीय विश्व युद्ध युग के ब्लैक पैंथर, गेब्रियल जोन्स, एक अमेरिकी सैनिक और हॉलिंग कमांडो के सदस्य, और नानाली, एक वकंदन जासूस जो अधिकृत पेरिस में छिपा हुआ है। 'मार्वल 1943: राइज ऑफ हाइड्रा' में कैप्टन अमेरिका और ब्लैक पैंथर सहित खेलने योग्य किरदारों का एक समूह है। इसे कथा-संचालित एक्शन-एडवेंचर गेम के रूप में वर्णित किया गया है। नई कहानी का ट्रेलर 20 मार्च, 2024 को एपिक गेम्स के स्टेट ऑफ अनरियल मुख्य वक्ता के रूप में सामने आया, जहां स्काईडांस न्यू मीडिया और एपिक गेम्स ने मार्वल 1943: राइज ऑफ हाइड्रा में अत्याधुनिक दृश्य लाने के लिए अपने चल रहे सहयोग की घोषणा की।

### टालीवुड


## 'यह चुनाव का समय है, मुझे सांस लेने में भी डर लगता है' : रजनीकांत



सियासत से मनोरंजन जगत की हस्तियों का ताल्लुक बहुत ही पुराना है, जिन्हें लगता है कि उन्होंने दर्शकों का मनोरंजन बखूबी किया है। वह आगे चलकर राजनीति का हिस्सा बन जाते हैं। अब देश में जहां एक ओर 2024 के लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है, वहीं चेन्नई में सुपरस्टार रजनीकांत ने मजाक-मजाक में कुछ ऐसा कहा है, जिसे फैंस चुनावी माहौल में सितारों के लिए बड़ी नसीहत मान रहे हैं। आइए जानते हैं कि अभिनेता ने क्या कहा है। हाल ही में, रजनीकांत ने तमिलनाडु के चेन्नई में एक लोकप्रिय अस्पताल की शाखा के उद्घाटन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस कार्यक्रम में मीडिया से बात करते हुए थलाइवा ने साझा किया कि वह ज्यादा नहीं बोलना चाहते क्योंकि यह चुनाव का समय है और उन्हें सांस लेने में भी डर लग रहा है। अभिनेता का कहना है कि चुनाव के माहौल को देखते हुए उन्हें मुंह खोलने से भी डर लग रहा है। रजनीकांत ने कहा, "मैं बिल्कुल भी बोलना नहीं चाहता था, लेकिन मुझसे कुछ शब्द कहने के लिए कहा गया। मैंने पूछा कि क्या कार्यक्रम में कई मीडिया हाउस होंगे। उन्होंने कहा कि कुछ ही होंगे। अब इन सभी कैमरों को देखकर मुझे डर लग रहा है। यह चुनाव का समय भी है। मुझे सांस भी लेने में डर लगता है।" अभिनेता की बात सुनकर वहां मौजूद सभी लोग हंसने लगे थे। अपने भाषण के दौरान रजनीकांत ने कहा, "पहले, जब पूछा जाता था कि कावेरी अस्पताल कहां है, तो लोग कहते थे कि यह कमल हासन के घर के पास है। अब जब पूछा गया कि कमल का घर कहां है तो लोग कहते हैं कि कावेरी अस्पताल के पास है। मीडिया के लोगों से गुजारिश है कि ये सिर्फ सामान्य बातें हैं। यह मत लिखिएगा कि रजनीकांत ने कमल हासन पर कोई तंज किया है।₹ अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्म 'वेट्टैयान' पर भी अपडेट साझा किया और कहा, "फिलहाल शूटिंग शानदार चल रही है। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा पूरी शूटिंग पूरी होने के बाद ही की जाएगी।

### भोजपुरी

## अश्लील गाने बनाने वालों पर भड़कीं लोक गायिका नेहा सिंह



लोक गायिका नेहा सिंह राठौर अक्सर अपने गीतों और बयानों को लेकर चर्चा में रहती हैं। वे अक्सर भोजपुरी सिनेमा इंडस्ट्री में अश्लील गीत गाने वाले गायकों की आलोचना करती हैं और पुराने लोकगीत, भोजपुरी संस्कृति का प्रचार-प्रसार करती हैं। अक्सर उनके गीत वायरल होते हैं और वे अपने गीतों के माध्यम से राजनेताओं पर भी निशाना साधती रहती हैं। वहीं नेहा सिंह ने एक बार फिर भोजपुरी गीतों को गाने के बारे में बात करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य भोजपुरी गीतों और भाषा को बचाना है। उन्होंने कहा कि भोजपुरी को बचने के लिए उनका आंदोलन तीन से चार साल से चल रहा है, जिसमें वे अकेली संघर्ष कर रही हैं। इस बारे में बात करते हुए नेहा ने कहा, 'मैंने तीन-चार साल पहले भोजपुरी बचाओ आंदोलन शुरू किया था। इसके तहत भोजपुरी को संरक्षित करने के लिए उन गीतों की एक डायरी बना रही हूं, जो 30-40 साल पहले हमारे पूर्वजों ने गाए थे। भोजपुरी को समृद्ध बनाने के लिए मैं साफ-सुथरे गाने लिख रही हूं। आजकल अश्लील भोजपुरी गाने बजते हैं। मैंने इसके खिलाफ यह आंदोलन शुरू किया है।' इसके साथ ही उन्होंने अश्लील गीत गाने वाले गायकों के बारे में बात की। साथ ही यह मुद्दा भी उठाया कि कैसे अश्लील गीत गाने वाले लोग राजनीति और संसद में बैठे हुए हैं। उन्होंने कहा, 'मेरी लड़ाई उन लोगों के खिलाफ है, जो 'लहंगा उठा देब रिमोट से' और 'फटाफट' जैसे गाने गाकर संसद में बैठे हैं। 'खोल के देखाव'...जब ऐसे गीत गाने वाले लोगों को टिकट दिया जाता है तो लड़ाई, मेरा आंदोलन और मेरे सवाल तीखे हो जाते हैं।' नेहा सिंह राठौर ने आगे कहा, 'बीजेपी ने पवन सिंह को आसनसोल से मैदान में उतारा है, इसलिए मुझे लगता है कि बीजेपी ऐसे गायकों को बढ़ावा दे रही है।

### लाइफ स्टाइल



**किम का जलवा**

अमेरिकी सोशलाइट किम कार्दशियन पिछले हफ्ते पेरिस में सुरक्षा के भारी बंदोबस्त के बीच नजर आई। फैंस उनकी एक झलक पाने के बेताब थे। पेरिस फैशन वीक के हिस्से के रूप में किम यहां महिलाओं के लिए रेडी-टू-वियर फॉल-विंटर 2024/2025 संग्रह के लिए बालेनियागा की डिजाइन को प्रदर्शित करने पहुंची थी।

## त्योहारों में जरूर रखें अपने बालों का ध्यान

जब भी कोई त्योहार आता है तो लोग खूबसूरत दिखने के तमाम तरह के स्किन केयर ट्रीटमेंट कराते हैं। स्किन केयर ट्रीटमेंट की वजह से त्वचा पर ग्लो आता है, लेकिन कई बार त्योहारों की भागदौड़ में लोग अपने बालों का ध्यान रखना तो भूल ही जाते हैं। अगर सही समय पर बालों का सही से ध्यान न रखा जाए तो ये डैमेज होने लगते हैं और इनकी खूबसूरत कम होने लगती है। इस परेशानी से बचने के लिए बहुत से लोग तो सैलून जाकर हेयर ट्रीटमेंट भी करा लेते हैं। हेयर केयर ट्रीटमेंट कराने में काफी खर्चा आता है, इसकी वजह से कई लोग घरेलू तरीकों से ही अपने बालों का ध्यान रखते हैं। अगर आप भी उन्हीं लोगों में हैं, जो घर पर ही अपने बालों का ध्यान रखते हैं, तो इस लेख में हम आपको इसके कुछ तरीके बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर आप अपने बालों का ध्यान रख सकें।



### न भूलें ऑयलिंग करना

त्योहारों की भागदौड़ में भी नियमित रूप से सिर की मालिश करें। इससे आपके सिर का ब्लड सर्कुलेशन सही रहता है और बालों की ग्रोथ भी सही से होती है।

### जरूर करें स्कैल्प को साफ

अगर आप अपनी स्कैल्प को सही से साफ नहीं करेंगे, तो इससे बाल डैमेज होने लगते हैं। इसी की वजह से हमेशा डैंड्रफ की समस्या भी सामने आती है। ऐसे में स्कैल्प को सही से साफ रखें।

### कंडिशनिंग है जरूरी

अगर चाहते हैं कि आपके बाल डाइड्रेट रहें तो बाल धोने के बाद कंडीशनर का इस्तेमाल करना न भूलें। इससे बाल में नमी बरकरार रहती है।

### हेयर मास्क का करें इस्तेमाल

इसके लिए जरूरी नहीं कि आप बाजार में बने मास्क का इस्तेमाल करें। आप इसके लिए घर पर बने हेयर मास्क का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

### हेयर ब्रश रखें साफ

जिस ब्रश से आप कंघी करते हों, उसे हमेशा साफ-सुथरा रखें। अगर कंघी गंदी होगी, तो ये बालों को डैमेज कर सकती है। आप बाल कंघी करने के लिए लकड़ी का कंघा इस्तेमाल कर सकती हैं।

## गर्मियों के इस मौसम में बेस्ट है लाइट कलर के ये आउटफिट्स

गर्मियों के मौसम में कही जाने के दौरान महिलाएं ऐसे आउटफिट की तलाश में रहती हैं जिसमें वो कंफर्टेबल हो। वहीं आउटफिट ऐसा भी होना चाहिए जिसे गर्मियों के मौसम में आराम से कैरी किया जा सके और इस आउटफिट में वो स्टाइलिश और कूल भी नजर आएं। अगर आप गर्मियों के मौसम में किस तरह का आउटफिट पहने इस बात को लेकर कन्फ्यूज्ड हैं तो आप इस आर्टिकल की मदद से परफेक्ट ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ऐसे आउट्फ़िट्स के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें आप गर्मियों के मौसम में पहन सकती हैं और इस आउटफिट पर बेहतरीन भी नजर आएंगी।

**चेक लाइन ड्रेस:** स्टाइलिश और कूल आने के लिए आप इस तरह का चेक ए-लाइन वाली लाइट ग्रीन वाइट ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। इस ड्रेस आप जहां गर्मियों के मौसम में आराम से कैरी कर सकती हैं तो वहीं ये ड्रेस कंफर्टेबल भी है साथ ही इस ड्रेस में आप काफी सुन्दर भी नजर आएंगी। इस ड्रेस के साथ आप शूज या फिर हील्स पहन सकती हैं। वहीं इस तरह की ड्रेस आपको ऑनलाइन प्लेटफार्म पर आसानी से मिल जाएंगी। वहीं बाजार से भी आप इस तरह की ड्रेस खरीद सकती हैं।



**फैशन**

**फ्लेयर्ड ऑफस्लीव ब्लू ड्रेस:** वहीं गर्मी में पसीना ज्यादा के आने की वजह हैवी ड्रेस कैरी करना मुश्किल होता हैं। ऐसे में आप कॉलर वाली फ्लेयर्ड ऑफ स्लीव ब्लू ड्रेस चुन सकती हैं। इस तरह की ड्रेस इस मौसम में पहनने के लिए परफेक्ट ऑप्शन हो सकता हैं। इस ड्रेस के साथ फुटवियर में सैंडल या फिर हाई हील्स पहन सकती हैं ताकि आप अट्रैक्टिव नजर आएं। इस तरह की ड्रेस भी आपको ऑनलाइन मिल जाएगी। वहीं ऑफलाइन भी आप इस तरह की ड्रेस को सस्ते दाम में खरीद सकती हैं।

**मिडी ड्रेस:** अगर आप कुछ न्यू ट्रेंडिंग ड्रेस की तलाश में हैं तो आप इस तरह की पीच कलर की मिडी ड्रेस भी चुन सकती हैं।

## नई दुल्हन अपने पास जरूर रखें इस तरह के फुटवियर, हर लुक के साथ लगेंगे कमाल

अगर आपकी शादी भी जल्द होने वाली है, तो ये खबर आपके लिए है। दरअसल, हम आपको कुछ ऐसे फुटवियर के बारे में बताएंगे, जो हर नई दुल्हन के पास होना बेहद जरूरी होता है। ये सभी फुटवियर ना सिर्फ आरामदायक होते हैं, बल्कि साथ में ये हर लुक के साथ कमाल के लगते हैं।

**कोल्हापुरी चप्पल:** शादी के बाद कई तरह की रस्में होती हैं, जिसमें नई दुल्हन को शामिल होना ही पड़ता है। इसके साथ ही रिश्तेदारों के यहां भी जाना पड़ता है। ऐसे में कोल्हापुरी चप्पल आपके पास जरूर होनी चाहिए। ये काफी आरामदायक होती है। खास बात ये है, कि इसे उतारने के लिए आपको हाथ का इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**मोजरी:** शादी के बाद अगर आप सूट पहनेंगी तो इसके साथ मोजरी देखने में कमाल की लगेगी। ये काफी आरामदायक भी होती हैं। ऐसे में आप इसे अपने साथ जरूर रखें। खास बात ये है मोजरी ज्यादा महंगी नहीं आती हैं तो आप एक से ज्यादा जोड़ी मोजरी अपने साथ रख सकती हैं।

**पैंसिल हील्स:** बहुत सी लड़कियों को हर आउटफिट में ग्लैमरस दिखना होता है। ऐसे में पैंसिल हील्स इसमें आपकी मदद कर सकती है।




वेस्टर्न के साथ-साथ आप इसे एथनिक के साथ भी कैरी कर सकती हैं।

**स्टिलेटोज:** अगर आपको क्लासी लुक पसंद है, तो इस तरह की स्टिलेटोज अपने कलेक्शन में शामिल जरूर करें। ये साड़ी के अलावा सूट और वेस्टर्न ड्रेस के साथ भी काफी क्लासी लुक देती है। वेजेस खरीदते वक्त देख लें कि इसमें इलास्टिक ना लगी हो, ताकि इसे पहनने और उतारने के लिए आपको हाथ की जरूरत नहीं पड़े। हील्स वाली वेजेस पहनने में भी काफी आरामदायक होती हैं।

## हेयर केयर में कंडीशनर है सबसे फेवरेट तो इससे जुड़ी जरूरी बातें समझ लीजिए

हेयर केयर का आप बहुत ध्यान रखते हैं, आप इतना ध्यान रखते हैं कि कई बार लड़कियों को भी आपके बालों की केयर देख जलन होने लगती है। लेकिन बालों की केयर के लिए आप सबसे ज्यादा क्या इस्तेमाल करते हैं? अगर आप हेयर केयर के लिए सबसे ज्यादा हेयर कंडीशनर को पसंद करते हैं तो फिर आपको हमारी इस गाइड पर एक नजर जरूर डाल लेनी चाहिए। आपको पता चल जाएगा कि कंडीशनर का इस्तेमाल कब और कितना करना है। या फिर कंडीशनर आखिर होता क्या है या ये बालों का ख्याल कैसे रखता है? आप भी कंडीशनर इस्तेमाल करते हुए इन्हीं सारे सवालों के बारे में सोचते हैं तो जवाब हम लेकर आ गए हैं। आइए जानते हैं-



### हेयर कंडीशनर होता क्या है?

हेयर कंडीशनर स्किन लोशन की तरह होता है। जैसे लोशन स्किन को मुलायम और हेल्दी बनता है, ठीक वैसे ही कंडीशनर भी बालों का ध्यान रखता है। खास बात ये है, कि ज्यादातर बार बालों के रूखा होने की वजह शैंपू ही होता है। दरअसल शैंपू के साथ बालों के नेचुरल ऑयल निकल जाते हैं।

### कंडीशनर ही क्यों?

बालों को जल्दी-जल्दी धोने से बचें। बाल में अपने नेचुरल कंडीशनर होते हैं जो बहुत धोने से कम होने लगते हैं। जब ये कंडीशनर कम हो जाता है तब हमें बाजार वाले कंडीशनर की जरूरत होती है। हां, जिन लोगों के बाल बहुत ऑयली होते हैं या जो लोग बहुत पसीने वाला कम करते हैं उन्हें बाल अक्सर धोने ही होते हैं। ऐसे में आपको खाली पानी से बालों को धो लेना चाहिए तब नेचुरल कंडीशनर इतना नहीं जाएगा।

### कंडीशनर का इस्तेमाल कैसे करें

कंडीशनर के सही असर को देखने के लिए आपको इसका इस्तेमाल भी सही तरीके से करना होगा। सबसे पहले थोड़ा कंडीशनर हाथ में लें और बालों पर लगा दें। इसको ठीक वैसे ही लगाएं जैसे आप शैंपू लगाते हैं।
इस दौरान बालों पर मसाज भी जरूर करें।

### कार्नर न्यूज

## होली मनाएं सुरक्षित ढंग से, आनंद हो जाएगा दोगुना

महाशिवरात्रि के बाद से लोगों के घरों में होली की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। हर साल होली का त्योहार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। पंचांग के अनुसार, इस साल 24 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा, इसके बाद अगले दिन यानी कि 25 मार्च को होली खेली जाएगी। भारत देश में ये त्योहार काफी धूमधाम से मनाया जाता है। बहुत से लोग फूलों से होली खेलते हैं, तो कई लोग अपने-अपने घरों में रंग और गुलाल की होली पार्टी का आयोजन करते हैं। बहुत सी जगहों पर तो पक्के रंग से होली खेली जाती है। इन रंगों को छुड़ाना भी काफी मुश्किल होता है। पक्के रंग से होली खेलते वक्त कपड़ों का भी ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है, क्योंकि पक्का रंग पानी में घोलकर होली खेली जाती है।

## होली के दिन गलती से भी न पहनें ऐसे कपड़े, वरना सामने आएगी बड़ी मुसीबत



### पुराने कपड़ों से रहें दूर

होली खेलने के लिए अगर आप ज्यादा पुराने कपड़े पहनेंगे, तो हो सकता है कि कमजोर होने की वजह से ये फट जाएं। ऐसे में आप शर्मिंदगी का शिकार हो सकते हैं। कई बार ज्यादा पुराने कपड़ों की सिलाई भी खुल जाती है। ऐसे में होली खेलने के लिए ज्यादा पुराने कपड़ों से दूरी बनाएं।

### पारदर्शी कपड़े नहीं हैं सही विकल्प

अगर आप होली पार्टी में पारदर्शी कपड़े पहनकर जाएंगे, तो पानी पड़ने के बाद ये शरीर से चिपक जाएंगे। इससे आप खुद असहज महसूस करेंगे। ऐसे में सूती कपड़े पहनकर ही होली खेलने जाएं।

### महिलाएं न पहनें साड़ी

होली पार्टी में महिलाएं साड़ी पहनकर जाने से दूर ही रहें। ऐसा करने से आपका पूरा लुक ही खराब हो सकता है। पानी पड़ने के बाद साड़ी शरीर से चिपकने लगती है, जिसके बाद आपको काफी परेशानी होगी।

### ज्यादा टाइट कपड़े न पहनें

होली खेलने जा रहे हैं तो ज्यादा टाइट कपड़े न पहनें। इससे भीगे हुए कपड़े आपके शरीर से चिपके रहेंगे, जिसकी वजह से शरीर पर इंफेक्शन का खतरा मंडराता रहता है।





## 'कंगुवा' का टीजर हुआ रिलीज, आमने सामने दिखे सूर्या और बॉबी देओल

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता सूर्या पिछले लंबे वक्त से अपनी आने वाली फिल्म 'कंगुवा' को सुर्खियों में बने हुए हैं। यह फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि इसके जरिए अभिनेत्री दिशा पाटनी तमिल सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। फिल्म में बॉबी देओल भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। प्रशंसक पिछले कुछ दिनों से फिल्म की एक झलक देखने का इंतजार कर रहे थे, जो खत्म हो चुका है। दरअसल, 'कंगुवा' का टीजर सामने आ चुका है। बता दें कि 'कंगुवा' को 38 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। ऐसा पहली बार होगा, जब कोई तमिल फिल्म 38 भाषाओं में दर्शकों के बीच आएगी। फिल्म में सूर्या और बॉबी कभी नहीं देखे गए अवतार में नजर आएंगे, जिसकी झलक सामने आए टीजर में साफ दिख रही है।

लाइफ Style

# भूमि पेडनेकर



## पहली वेब सीरीज 'दलदल' का किया ऐलान

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर को आखिरी बार संजय मिश्रा के साथ फिल्म 'भक्षक' में देखा गया था। इसमे उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई थी। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। 'भक्षक' के जरिए भूमि ने ओटीटी की दुनिया में रखा था।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अब भूमि ने अपनी पहली वेब सीरीज का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम 'दलदल' रखा गया है। इस सीरीज का निर्देशन 'गुल्लक' के निर्देशक अमृत राज गुप्ता करने वाले हैं। भूमि की पहली वेब सीरीज 'दलदल' ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। सीरीज की कहानी श्रीकांत अग्निस्वरन, रोहन डिसूजा और प्रिया सग्गी ने मिलकर लिखी है। इसकी कहानी विश धमीजा की किताब 'भिंडी बाजार' पर आधारित है। 'दलदल' में भूमि नव नियुक्त डीसीपी रीता फरेरा का किरदार निभाती नजर आएंगी। 'दलदल' के बाद भूमि फिल्म 'मेरी पत्नी का रीमेक' में अभिनय करती दिखाई देंगी। बता दें कि 8 सालों के करियर में भूमि की अब तक सिर्फ दो ही फिल्में हिट रही हैं। पहली फिल्म है बाला, जो 2019 में आई थी और दूसरी है पति, पत्नी और वो, जो भी उसी साल रिलीज हुई थी। इसके अलावा अब तक उनकी पांच फिल्में फ्लॉप रहीं। उनकी फ्लॉप फिल्मों की लिस्ट में सोनचिरैया, सांड की आंख, बधाई दो, रक्षा बंधन और भीड़ शामिल है। बहरहाल, इन फिल्मों के अलावा भूमि ओटीटी पर गोविंदा नाम मेरा और अफवाह में भी दिख चुकी हैं।

हॉलीवुड मसाला




## किम ने खोली अपनी पोल...

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड एक्टर किम कार्दशियन ने हाल ही में बड़ा खुलासा किया है। किम ने 'द गोप' पोडकास्ट के एपिसोड में खुलासा किया है कि मैंने अब थोड़ा बहुत पीना शुरू कर दिया है, कॉफी और शराब। किम ने 'द गोप' पोडकास्ट के एपिसोड में खुलासा करते हुए कहा, मैंने अब थोड़ा बहुत पीना शुरू कर दिया है, कॉफी और शराब। मुझे ऐसा लगता है कि मुझे खुद को थोड़ी छूट दे देनी चाहिए। बता दें ईऑनलाइन डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक किम ने इन्हें पीना क्यों शुरू किया, इस पर उन्होंने कहा कि वह हमेशा काम के मूड में रहने की अपनी आदत में बदलाव लाना चाहती हैं।




## रूह कंपा देने वाली फिल्म 'गॉडजिला वर्सेज कॉन्ग

**लॉस एंजिलस।** वार्नर ब्रदर्स की साल 2021 की सुपरहिट फिल्म 'गॉडजिला वर्सेज कॉन्ग' के सीक्वल ' 15 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक दे चुका है। मॉन्सटर्वर्स की इस फिल्म का दर्शकों को इंतजार था। फिल्म में स्पेशल इफेक्ट्स से बने गॉडजिला व किंग कॉन्ग की कहानी दिखाई गई है। बता दें कि कोरोना महामारी के बाद रिलीज हुई 'गॉडजिला वर्सेज कॉन्ग' को दर्शकों से जबरदस्त प्यार मिला था। फिल्म में हॉलीवुड स्टार एलेक्जेंडर स्कार्सगार्ड, रेबेका हाल, शन ओगुरी, ब्रयान टायरी हेनरी ने स्पेशल इफेक्ट्स से बने गॉडजिला व किंग कॉन्ग के साथ अहम किरदार निभाया था। बता दें कि इससे पूर्व वार्नर ब्रदर्स ने आधिकारिक तौर 'गॉडजिला एक्स कॉन्ग' की अनाउंसमेंट करते हए एक टीजर रिलीज किया था जिसमें भयानक रूह कंपा देने वाला मंजर दिखाई दे रहा था।



## समीर वानखेड़े ने किया मानहानि का केस

**मुंबई।** सोशल मीडिया स्टार और एक्ट्रेस राखी सावंत अक्सर विवादों में रहती हैं। अब एक बार फिर वो मुश्किल में घिरती नज़र आ रही हैं। मुंबई एनसीबी के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े ने राखी सावंत पर 11 लाख रुपए का मानहानि का केस ठोक दिया है। राखी के अलावा वकील काशिफ अली खान पर भी उन्होंने केस किया है। उन्होंने कहा है कि काशिफ अली खान ने एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में जानबूझकर झूठ बोला और जो बयान दिया वो आधारहीन थे। याचिका में काशिफ के बयान का ज़िक्र है, जिसमें कथित तौर पर कहा गया था कि समीर वानखेड़े मीडिया को लेकर ऑबसेस्ड हैं और सेलिब्रिटीज़ को टारगेट करते हैं। उन्होंने ये भी दावा है कि काशिफ अली खान ने अपने सोशल मीडिया अकाइंट इंस्टाग्राम पर भी उसी तरह के कंटेंट को पोस्ट किया।



## मडगांव एक्सप्रेस का गाना हम यहीं रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का गाना 'हम यहीं' रिलीज हो गया है। कुणाल खेमू फिल्म मडगांव एक्सप्रेस के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है। फिल्म का गाना 'हम यहीं' रिलीज हो गया है। गाने के साथ कुणाल खेमू ने गायन-गीत लेखन के क्षेत्र में डेब्यू किया है। हम यहीं गाना कुणाल खेमू द्वारा सह-संगीतबद्ध, गाया और लिखा गया है। गाने का संगीत अंकुर तिवारी कंपोज किया है। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बनी 'मडगांव एक्सप्रेस' एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी।

टीवी मसाला



## मानिनी डे ने दालचीनी में जीता बेस्ट विलेन का पुरस्कार जीता

**नई दिल्ली।** यह अभिनेत्री मनिनी डे के लिए जश्न मनाने का समय है, जिन्होंने हाल ही में आयोजित दंगल अवाड्र्स में अपने शो दालचीनी के लिए सर्वश्रेष्ठ खलनायिका का खिताब जीता है। अभिनेत्री का कहना है कि उन्हें अपनी सफलता का जश्न मनाना पसंद है, लेकिन उन्होंने इसे कभी अपने सिर पर हावी नहीं होने दिया। मैं हर जीत का जश्न भगवान को धन्यवाद कहकर मनाता हूं। मैं पार्टी करना चाहती हूं, लेकिन अभी तक मुझे ऐसा करने का कोई अवसर नहीं मिला है। एक और चीज जो मैं सुनिश्चित करती हूं वह है खुद से एक वादा कि मैं इसे कभी भी अपने सिर पर हावी नहीं होने दूंगी। मेरे माता-पिता ने मुझे हमेशा यह याद रखना सिखाया है कि सफलता को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए। असफलता एक ऐसी चीज़ है जिससे आपका सिर नीचा नहीं होना चाहिए तो मैं उसी के अनुसार जीती हूँ। मैं बहुत आभारी हूं, मैं खुश हूं, मैं उत्साहित हूं और मैंने अपने लिए मानक और भी ऊंचा स्थापित किया है।भगवान के प्रति ईमानदार, जब मैं काम करती हूं, तो मैं इस उम्मीद के साथ काम नहीं करती कि मुझे कोई पुरस्कार मिलेगा।

## आदित्य की एक्शन फिल्म के हीरो बनेंगे रणवीर सिंह?

मुंबई। रणवीर सिंह को आखिरी बार फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में देखा गया था। अब अभिनेता निर्देशक रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आएंगे। अभिनेता इन दिनों इसी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। अफवाहों का बाजार गर्म है कि रणवीर एक एक्शन थ्रिलर फिल्म में नजर आने वाले हैं, जिसके निर्देशन की कमान यामी गौतम के पति और निर्देशक आदित्य धर ने संभाल रहे हैं। अब आदित्य ने इस खबर पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। कहा जा रहा है कि रणवीर और आदित्य पिछले 3 हफ्तों में 4 से 5 बार मिल चुके हैं। अगर रणवीर और आदित्य साथ आते हैं तो इस फिल्म की शूटिंग मई 2024 की शुरुआत में शुरू होगी। यह फिल्म भारतीय खुफिया एजेंसियों की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसमें रणवीर का एक नया अवतार



देखने को मिलेगा। 'सिंघम अगेन' के बाद रणवीर, फरहान अख्तर की सुपरहिट फ्रैंचाइजी 'डॉन' की तीसरी किस्त 'डॉन 3' में नजर आएंगे। इसमें उनकी जोड़ी कियारा आडवाणी के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। 'डॉन 3' 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 1978 में 'डॉन' फ्रैंचाइजी के मूल संस्करण में अमिताभ बच्चन मुख्य भूमिका में थे। 2006 में जावेद के बेटे फरहान अख्तर ने 'डॉन' का रीमेक बनाया और शाहरुख खान फिल्म के हीरो बने, जो 'डॉन 2' में भी थे।

## मेरे मेहबूब मेरे सनम बनी बेड न्यूज, दर्शकों को गुदगुदाएगी विक्की, तृप्ति और एमी की तिकड़ी

**मुंबई।** विक्की कौशल ने फिल्म निर्माता करण जौहर उनके साथ आने वाली फिल्म के बारे में अनाउंस कर दिया है। विक्की ने अपने प्रशंसकों को तृप्ति डिमरी और एमी विर्क के साथ एक नए प्रोजेक्ट के बारे में बताया। फिल्म का नाम है 'बेड न्यूज' नाम की यह फिल्म 19 जुलाई को रिलीज होगी। फिल्म का मोशन पोस्टर और रिलीज डेट जारी किया गया। बता दें कि पहले इस फिल्म का नाम 'मेरे मेहबूब मेरे सनम' था। बेड न्यूज में विक्की कौशल,तृप्ति डिमरी और एमी पहली बार एक साथ नजर आएंगे। आनंद तिवारी द्वारा निर्देशित




इस फिल्म में नेहा धूपिया नजर आएंगी। फिल्म के निर्माता करण जौहर ने लिखा, सबसे मनोरंजक हंगामे के लिए तैयार हो जाइए, हंसाने वाली कई घटनाएं... एक कॉमेडी फिल्म जो सच्ची घटनाओं से प्रेरित है आपका इंतजार कर रही है!! #सिनेमाघरों में 19 जुलाई 2024 को बैडन्यूज़!

### फैंस को टीजर का बेसब्री से इंतजार

अनाउंसमेंट करने से पहले विक्की कौशल ने तृप्ति और एम्मी के साथ एक मजेदार वीडियो शेयर कर पूछा था कि आप पहले कौन सी न्यूज सुनना चाहेंगे, गुड या बैड, जवाब में एमी ने गुड कहा था तो वहीं तृप्ति ने बैड कहा था। फैंस को एक्टर्स का ये प्रमोशनल तरीका भी काफी अच्छा लगा था। फैंस को अब बेसब्री से फिल्म के टीजर का इंतजार है।

## रणबीर कपूर की 'रामायण' के लिए करना होगा लंबा इंतजार, इस साल नहीं शुरू होगी शूटिंग




**मुंबई।** नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' लंबे समय से चर्चा में है। खासकर फिल्म 'आदिपुरुष' से मिली निराशा के बाद लोगों की नजरें इस फिल्म पर है। फिल्म के कलाकारों को लेकर तरह-तरह की खबरें आती रहती हैं। चर्चा है कि फिल्म में रणबीर कपूर राम बनेंगे और कन्नड़ सुपरस्टार यश, रावण की भूमिका निभाएंगे। हालांकि, इसे लेकर कोई आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। नई खबर के मुताबिक फिल्म के ठंडे बस्ते में जाने के आसार दिख रहे हैं।

### 'रामायण' में ये सितारे भी निभाएंगे अहम किरदार

*'रामायण' में भगवान राम बने रणबीर की जोड़ी साई पल्लवी के साथ बनी है, जो माता सीता का किरदार निभाएंगी। विभीषण की भूमिका के लिए विजय सेतुपति से संपर्क किया गया है। उधर, कैकई के किरदार के लिए लारा दत्ता से बातचीत चल रही है और सनी देओल भगवान हनुमान बने नजर आ सकते हैं। इसके अलावा रकुल प्रीत सिंह भी फिल्म से जुड़ गई हैं। अभिनेत्री शूर्पणखा की भूमिका में दिखाई देंगी।*

### अगले साल शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

*'रामायण' का निर्देशन नितेश तिवारी करने वाले हैं, वहीं फिल्म का निर्माण मधु मंटेना, नमित मल्होत्रा और अल्लू अरविंद मिलकर कर रहे हैं। बॉलीवुड हंगामा की ताजा खबर के मुताबिक, मधु और नमित के बीच अनबन चल रही है। यही वजह है कि 'रामायण' में देरी हो रही है। सूत्र ने कहा, "टीम के अंदर बहुत सारे आंतरिक मुद्दे हैं जिन्हें हल किया जाना बाकी है।" फिल्म की शूटिंग इस साल शुरू नहीं होगी।*

## 'लव एंड वॉर': आलिया भट्ट के साथ काम करने को उत्साहित विक्की कौशल

**मुंबई।** विक्की कौशल को आखिरी बार फिल्म 'डंकी' में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई। अब विक्की, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क के साथ फिल्म 'बैड न्यूड' में नजर आएंगे। इसके अलावा विक्की के पास संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' भी हैं, जिसे लेकर अभिनेता



काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म में आलिया भट्ट और रणबीर कपूर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अब विक्की ने फिल्म को लेकर अपनी खुशी जाहिर की है। यह फिल्म 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### आलिया और रणबीर अपनी कला में माहिर हैं : विक्की

विक्की हाल ही में नेहा धूपिया के शो 'नो फिल्टर नेहा' में पहुंचे थे, जहां उन्होंने बताया कि वह फिल्म 'लव एंड वॉर' को लेकर काफी उत्साहित हैं। विक्की ने कहा, /"मुझे लगता है कि आलिया-रणबीर अपनी कला में माहिर है और यह अवसर पाना मेरे लिए बहुत मायने रखती है। मैं सच में बहुत खुश हूं। मैं उन दोनों के साथ एक ही सेट पर रहने के लिए बहुत उत्सुक हूं।

### विक्की की झोली में हैं ये फिल्में

विक्की ने आगामी फिल्म 'बैड न्यूज' 19 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। कॉमेडी के साथ रोमांस के तड़के से भरपूर इस फिल्म के निर्देशन के कमान आनंद तिवारी ने संभाली है तो वहीं करण जौहर इस फिल्म के निर्माता हैं। विक्की इन दिनों अपनी फिल्म एक्शन फिल्म 'छावा' में व्यस्त हैं। वह इसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे संभाजी राजे का किरदार निभा रहे हैं। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख का ऐलान नहीं हुआ है।

## अरबाज खान को भाता है फिल्म निर्माण बोले- अभिनय ना भी करूं तो कोई बात नहीं

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता और फिल्म निर्माता अरबाज खान इस समय अपनी फिल्मों और निजी जिंदगी को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। अभिनेता ने जहां 'दबंग 4' की रिलीज का वादा किया है, वहीं वह तकरीबन 4 साल बाद



'पटना शुक्ला' से बतौर निर्माता वापसी करने वाले हैं। ऐसे में हाल में अरबाज ने इतने वर्षों तक कैमरे से दूर रहने और किसी भी फिल्म का निर्माण ना करने को लेकर अपने विचार साझा किए। अरबाज ने कहा कि अगर मैं अभिनय नहीं कर रहा होता हूं तो यह मेरे लिए कोई दिक्कत वाली बात नहीं है। मेरे लिए अभिनय ना करना कोई बड़ा त्याग नहीं है। एक फिल्म की शूटिंग में लगभग 45 दिन लगते हैं, मैं अपने शेड्यूल से इतना समय निकाल सकता हूं। अरबाज के निर्देशन में बनी पटना शुक्ला फिल्म में रवीना टंडन मुख्य भूमिका में होंगी। रवीना के साथ इसमें सतीश कौशिक, मानव विज, चंदन रॉय सान्याल, जतिन गोस्वामी और अनुष्का कौशिक हैं। विवेक बुडाकोटी निर्देशित 'पटना शुक्ला' डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। फिल्म 29 मार्च से स्ट्रीम होगी।

## खबर संक्षेप

### पुलिया से गिरकर युवक की मौत

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जूनाडीह निवासी युवक बैठा हुआ था तभी उसका पांव फिसला और वह नीचे गिर गया। ऐसे में उसे आनन फानन में स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां से मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया गया किंतु उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। जानकारी के अनुसार जूनाडीह में रहने वाला आकाश सिदार पिता चैतराम सिदार 27 साल रोजी मजदूरी करता था। बताया जाता है कि हफ्तेभर पहले आकाश घूमते हुए नहर पार पहुंचा और पुल के ऊपर बैठा था। इस दौरान अचानक उसका शारीरिक सन्तुलन बिगड़ गया। आकाश अपने आपको सम्हाल पाता इसके पहले वह नीचे गिर गया। आसपास के लोगों ने आकाश को बुरी तरह जख्मी हालत में असहाय पड़े देख सिदार परिवार को सूचना दी तो उसे नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करते हुए रायगढ़ रेफर कर दिया। घायल युवक को नवजीवन देने के लिए अस्पताल में डॉक्टरों ने काफी कोशिशें भी की लेकिन शरीर के बाहरी के अलावे अंदरूनी भागों में गंभीर चोटें आने पर आखिरकार उसकी सांसों की लड़ियां टूटकर बिखर गई। बहरहाल पुलिस कायम करते हुए विवेचना कर रही है।

### लैलूंगा की छात्रा ने बिलासपुर में की आत्महत्या

**रायगढ़।** बिलासपुर से एक युवती के खुदकुशी का मामला सामने आया है। जहां एक छात्रा ने किराए के मकान में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि मृतक छात्रा लैलूंगा की रहने वाली थी और शहर में रहकर कंप्यूटर डिप्लोमा का कोर्स कर रही थी। खुदकुशी के इस मामले से इलाके में सनसनी फैल गई है। वहीं युवती के परिजनों का भी हाल बेहाल है। जानें पूरा मामला दरअसल यह मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गंगा नगर का है। बता दें कि बुधवार की रात हुई इस घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने कमरे को सील कर दिया है। परिजनों ने अपने आने तक शव को नीचे उतारने से मना किया है। पुलिस के बताए अनुसार लैलूंगा निवासी 22 वर्षीय छात्रा गंगानगर में एक इंजीनियर के घर रहकर घरेलू काम करती थी। वर्तमान में वह बीएड की पढ़ाई कर रही थी। इंजीनियर भी अंबिकापुर क्षेत्र का रहने वाला है। बुधवार की रात करीब 11 बजे इंजीनियर के घर के स्टोर रूम में उसकी लाश फांसी के फंदे पर लटकती मिली। सूचना मिलने पर पुलिस ने कमरे को लॉक कर दिया है। परिवार के आने के बाद जांच शुरू होगी। छात्रा की मौत किन परिस्थितियों में हुई, पता नहीं चल सका है।

### वितरण हुए यूरिया की हो रही जांच

**पुसौर।** जिला प्रशासन के निर्देश पर पुसीर तहसीलदार श्रीमती नेहा उपाध्याय ने कृषि विभाग प्रमुख वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी रोहित कुमार पटेल एवं सहयोगी मनीषा राठौर के साथ क्षेत्र के सेवा सहकारी समितियों में हुए उर्वरक खाद आदि के भंडारण एवं वितरण को लेकर सघन जांच प्रारंभ की है ताकि पारदर्शिता बनी रहे। इसी कड़ी में बीते बुधवार को उक्त टीम ने सेवा सहकारी समिति केसला एवं गढ़ उमरिया का निरीक्षण किया जिसमें टॉप 20 में से पांच उर्वरक क्रेताओं का सत्यापन किया गया।

## प्रदेश में भाजपा सरकार के सौ दिन पूरे होने पर भाजपा ने किया प्रेस वार्ता का आयोजन

# 100 दिन में हुए कई वादे पूरे, रचा कीर्तिमानः अग्रवाल

प्रदेश में भाजपा सरकार के सौ दिन पूरे होने पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए रायगढ़ के पूर्व विधायक विजय अग्रवाल ने कहा की प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार ने 13 दिसंबर 2023 को शपथ ली थी और आज हमारी सरकार के सौ दिन पूरे हुए। यूं तो किसी भी सरकार के मूल्यांकन के लिए सौ दिन का समय काफी नहीं होता है, किंतु विष्णुदेव साय की सरकार ने मात्र सौ दिनों में ही सफलता और विश्वास के इतने कीर्तिमान रचे है जितना पूरे पांच वर्ष में भी कांग्रेस की सरकार नहीं कर पायी। साय सरकार के ये सौ दिन छत्तीसगढ़ में विश्वास की पुनर्बहाली, सुशासन के पुनरोदय के रहे है। कांग्रेस ने अपने कृत्यों से जनता के साथ किए वादाखिलाफी से भरोसे का जो संकट पैदा किया था, भाजपा सरकार ने उस संकट को दूर किया है। जनता में फिर से सरकार के प्रति भरोसा बहाल हुआ है।



पत्रवार्ता लेते भाजपा पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ वासियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो गारंटियां दी थी, मात्र बारह हफ्ते के रिकार्ड समय में उनमें से अधिकांश बड़ी गारंटियां पूरी कर ली गयी है। देश या दुनिया के शायद किसी भी सरकार में इतनी द्रुत गति से कार्य नहीं किया होगा। इस अल्प समय में ही हमारी सरकार ने वादों को पूरा करने में अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। हमारी सरकार ने गरीब, किसान, महिलाओं और युवाओं के हित में बड़े फैसले लिए है।

8 लाख आवासहीन परिवारों को आवास हमने पहली केबिनेट में ही छत्तीसगढ़ के 18 लाख आवासहीन परिवारों को आवास उपलब्ध कराने का अभूतपूर्व निर्णय लिया। मुख्यमंत्री अपने आधिकारिक निवास में वादे के अनुरूप ही बाद में गए। पहले उन्होंने वर्ष 2023-24 के अनुपूरक बजट में 3.799 करोड़ रूपए और वर्ष 2024-25 के बजट में 8,369 करोड़ रूपएए इस प्रकार कुल 12.168 करोड़ रूपए का प्रावधान किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों की आवास निर्माण के लिए निःशुल्क रेत उपलब्ध कराई जाएगी। दो वर्षों के धान पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल के जन्मदिन सुशासन दिवस के अवसर पर 3716 करोड़ रूपए किसानों को दिया है। तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के लिए चरण पादुका योजना फिर से शुरू की जाएगी। शासकीय भर्तियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की पहल हमने की है। यूपीएससी की तर्ज पर परीक्षा प्रणाली लागू करने का हमने निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा 2021 के संबंध में प्राप्त शिकायतों की विस्तृत जांच हेतु केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को प्रकरण प्रेषित कर दिया गया है। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ न होए इसका वायदा हमने मोदी की गारंटी के तहत किया था। पारदर्शी परीक्षा के लिए हमने आयोग की भी नियुक्ति की है। श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना लागू करने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जिसने अपने नागरिकों को आराध्य प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए निःशुल्क अयोध्या भेजने का निर्णय लिया है। प्रदेश में श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना शुरु हो चुकी है। शासकीय नौकरियों में स्थानीय निवासियों को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में छूट प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए हमने शासकीय नौकरी में छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट की अवधि को पांच साल के लिए और बढ़ा दिया है। अभ्यर्थियों को आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट का लाभ 31 दिसम्बर 2028 तक मिलेगा। लोकतंत्र सेनानियों को सम्मान निधि को फिर से प्रारंभ करने और बकाया राशि प्रदान करने का निर्णय लिया गया। बकाया राशि 01 नवम्बर 2024 को प्रदान की जाएगी। प्रदेश में वर्ष 2018 की स्थिति में 430 लोकतंत्र सेनानियोंध्आश्रितो को प्रतिवर्ष करीब 9 करोड़ रुपए की सम्मान राशि प्रदान की जाती थी। घरेलू उपभोक्ताओं को आधे दाम पर राज्य में 42 लाख 34 हजार घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति माह 400 यूनिट तक की विद्युत खपत पर आधे दाम पर बिजली देने के लिए बजट में 1 हजार 274 करोड़ रुपए का प्रावधान है। एकल बत्ती कलेक्शन धारी परिवारों को 30 यूनिट खपत तक निःशुल्क बिजली प्रदान करने के लिए 540 करोड़ रुपए का प्रावधान है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति.2020 लागू करने का निर्णय छतीसगढ़ राज्य के उच्च शिक्षा विभाग में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने का निर्णय लिया गया। राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने से युवाओं में तार्किक क्षमता के संवर्धन के साथ ही उनका सर्वांगीण विकास भी सुनिश्चित होगा। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के तहत भूमिहीन परिवारों को प्रतिवर्ष 10,000 रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके लिए 500 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। शहीद वीर नारायण सिंह स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के साथ ही शहीद वीर नारायण सिंह स्वास्थ्य योजना संचालित होगी। इसके लिए 1526 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। खनिज विभाग में ऑनलाईन परमिट एवं स्वीकृति प्रणाली खनिज संसाधन से संपन्न छत्तीसगढ़ राज्य में कोल परिवहन की पारदर्शी प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन परमिट एवं स्वीकृति प्रणाली लागू की गई है। कांग्रेस ने इसे ऑफलाइन कर सबसे बड़ा घोटाला किया था, जिसकी जाँच चल रही है और अनेक अधिकारी नेतागण जेल में हैं। नियद नेल्लानार योजना बस्तर संभाग के माओवाद पीडित क्षेत्र में स्थापित 14 नये कैंपों में नवाचार के रूप में आसपास के 05 ग्रामों की मूलभूत आवश्यकता, अधोसंरचना विकास एवं परिवारों के सम्यक विकास के लिए नियद नेल्लानार योजना की शुरुआत की गई है। राज्य के 5 शक्तिपीठों के विकास की विस्तृत योजना बनाने हेतु 3 करोड़ रुपए का प्रावधान है। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश में 1000 किलोमीटर लंबी पर्यटन तीर्थ श्रृंखला विकसित की जाएगी। बस्तर दशहरा के लिए अब 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख रुपए दिए जाएंगे। चित्रकोट के लिए 10 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपए दिए आएंगे। रामाराम मेले के लिए 15 लाख रुपए दिए जाएंगे। राज्य के प्रमुख शहरों में स्थापित राज्य के दो बड़े मेडिकल कॉलेज अस्पतालों डॉ भीमराव अंबेडकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रायपुर और छतीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइस बिलासपुर सिम्स में भवन के विस्तार और सुविधाओं के विकास के लिए 01 हजार 500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। ग्रामीण घरों को नल से जल आपूर्ति के लिए जल जीवन मिशन के तहत 4500 करोड़ रुपए का प्रावधान हमने किया है।

मंडी शुल्क की 2 प्रतिशत घटाने की घोषणा। राज्य में विशेष पिछड़ी जनजाति बसाहटो को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए बजट में 300 करोड़ रुपए का प्रावधान भी हमने किया है। आज की प्रेस वार्ता में उमेश अग्रवाल, श्रीकांत सोमावार, देवेंद्र प्रताप सिंह, कोशलेश मिश्रा, पूनम सोलंकी, सुभाष पांडे, शीला तिवारी, रथू गुप्ता, मुकेश जैन, मनीष शर्मा, शशिकांत शर्मा, डिग्रीलाल साहू, रविन्द्र भाटिया, अनुपम पाल, पवन शर्मा, अमरदीप सिंह जटाल, सीताराम विश्वकर्मा, अरुण देवांगन, परदेशी मिरी, दिबेश सोलंकी, राघवेन्द्र सिंह, मुक्तिनाथ बबुआ, सुनील थ्वाईत, रतींद्र राय एवं मोहित सतपथी उपस्थित रहे।

### एम्स की तर्ज पर खुलेंगे सुपरस्पेशिलिटी अस्पताल

एम्स की तर्ज पर सभी संभागीय मुख्यालय में सुपरस्पेशिलिटी अस्पताल खोलने का प्रावधान। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के दस वर्ष की उपलब्धियों और मोदीजी की गारंटी पर ही आधारित वादों को पिछले सौ दिन के कार्यकाल में पूरा करने के हिसाब किताब के साथ हम फिर से जनता की अदालत में उपस्थित हैं। निस्संदेह जनता का आशीर्वाद मिलेगा और छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें भाजपा जीतेगी, इसमें कोई संदेह नहीं है।

### महतारी वंदन से नारी शक्ति को आर्थिक स्वावलंबन

महतारी वंदन योजना में प्रदेश की मातृशक्ति के आर्थिक स्वावलंबन और सशक्तिकरण के लिए 70 लाख से अधिक महिलाओं को 10 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वर्चुअल उपस्थिति में लगभग 655 करोड़ रुपए सीधे उसके खाली में अंतरित कर दी गई है। हर वर्ष उन्हें 12 हजार रुपए दिए जाएँगे। महतारी वंदन योजना के लिए कुल 4200 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

### कृषक उन्नति योजना के माध्यम से किसानों को किया लाभान्वित

कृषक उन्नति योजना के माध्यम से वादे के अनुसार हमने किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान में 19.257 रुपए प्रति एकड अदान सहायता राशि देने की शुरुआत कर दी है। हमने किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी का वायदा निभाते हुए 24 लाख 70 हजार से अधिक किसानों को 13 हजार 320 करोड़ रूपए का एकमुश्त भुगतान कर दिया है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से हमने रिकॉर्ड करोड़ 45 लाख मिट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी की और किसानों के खाते में 45 हजार करोड़ रुपए डाले है। इसी तरह हमने मोदी जी की गारंटी के अनुरूप तेन्दूपत्ता संग्राहको के पारिश्रमिक दर को 4000 रुपए प्रति मानक से बढ़ाकर 5500 रुपए प्रति मानक बोरा दिए जाने की शुरुआत कोण्डागांव जिले से कर दी है।

## होली को लेकर थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित



**सरसींवा।** थाना परिसर सरसींवा में आगामी होलिकोत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में तहसीलदार श्रीमती रुपाली मेश्राम की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ आगे तहसीलदार ने कहा कि हर बार गिरसा टाटा बिलासपुर मनपसार के पास असमाजिक तत्त्वों द्वारा गाड़ियों पर पत्थर फेक कर गाड़ियों के शीशो को तोड़ देते है ऐसे करते पाए जाने वालों को बक्शे नही जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि इस त्योहार को आपस मिलकर शांति सदभावना एवं भाई चारे के साथ मनाना चाहिए इस अवसर पर थाना प्रभारी टीकाराम खटकर ने उपस्थित पंचायत प्रतिनिधि, प्रबुद्ध जन, व्यापारियों एवं पत्रकार साथियों से चर्चा कर विचार विमर्श किए एव जरूरी निर्देश दिए तत्पश्चात खटकर ने आगामी होली पर्व को लेकर शांति बरतने का अपील करते हुए कहा कि त्यौहार को शांति पूर्वक पारंपरिक रूप से मनाएं इस दौरान किसी तरह से हुड़दंग एवं शरारत कर अन्य लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान ना करें कहीं भी किसी तरह से क्षेत्र में अवैध गतिविधियों की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस थाना में सूचित करें।

थाना प्रभारी ने आगे शांति व्यवस्था कि दृष्टि से कहा कि हमारा प्रयास रहेगा की अंचल में शांति ढंग से होलिकोत्सव त्यौहार सम्पन्न हो जिसके लिए आप सभी का सहयोग आवश्यक है वही आगे बोले की शराब पीकर हुड़दंग, तीन सवारी, मोटरसाइकिल चलाना जीवित पेड़ को काटना, साइलेंसर खोलकर मोटरसाइकिल चलाना, अनावश्यक बाजा बजाना, रस्सी से रोड जाम कर चांद वसूली करना जबरन किसी का कपड़े फाड़ना, ऑयल पेंट चेहरे पर लगाना या जलन सील पदार्थ चेहरे पर लगाने, पक्की सड़क पर होलिका दहन करना, बिजली तार के नीचे होलिका दहन करना, आयल पेंट लगाने आदि से परहेज करने पर सुझाव दिया गया साथ ही कहा कि कपड़े फाड़ने वाले होली न खेले जिसमे की अनावश्यक परेशानी न हो एवं आचार सहिता का उल्लंघन न करने की भी समझाइश दी गई।



### फसल बीमा के लिए कृषि विभाग ने मंगाए आवेदन

**सारंगढ़।** जिले में पिछले 2 दिनों से असामयिक वर्षा से रबी फसलों को नुकसान की संभावना है। कृषि विभाग के उपसंचालक आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के बरमकेला और सारंगढ़ विखं के कुल 129 गांव के गेहूं एवं सरसों की फसल बीमा हेतु अधिसूचित है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में गेहूँ एवं सरसों के किसानों को क्षतिपूर्ति प्रदान करने का प्रावधान है। किसानों को अपनी फसल में हुए नुकसान की सूचना 72 घंटे के भीतर बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर पर या 14447 पर कॉल करके, फार्ममित्र एप या लिखित रूप से कृषि अधिकारियों या संबंधित बैंक को देनी पड़ती है। इसके पश्चात बीमा कंपनी के प्रतिनिधि एवं कृषि विभाग के अधिकारी किसान की उपस्थिति में खेत में लगी फसल का निरीक्षण करने के बाद क्षति के आकलन के अनुसार क्षतिपूर्ति देय होती है।

## उत्साह के साथ मनाया गया सावित्री जिंदल का जन्मदिन



**रायगढ़।** ओपी जिंदल समूह की चेयरपर्सन इमरिट्स श्रीमती सावित्री देवी जिंदल का जन्मदिन बुधवार को पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस विशेष दिन पर जेएसपी फाउंडेशन द्वारा संयंत्र के आसपास के गांवों और शहर में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या महिलाएं, बच्चे और जरूरतमंद लाभान्वित हुए। जेएसपी परिसर स्थित संजीवनी नर्सरी में पौधरोपण भी किया गया।

जेएसपी फाउंडेशन द्वारा ओपी जिंदल समूह की चेयरपर्सन इमरिट्स श्रीमती सावित्री देवी जिंदल के जन्मदिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम जोरापाली में फोर्टिस ओपी जिंदल अस्पताल की सहभागिता में बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। संचार वृद्धाश्रम डोंगाढकेल में भी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। पतरापाली स्थित विशेष बच्चों के संस्थान जिंदल आशा में जिंदल स्टील एंड पॉवर के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर सब्यसाची बंद्योपाध्याय ने विशेष बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ केक काटकर जन्मदिन की खुशियां मनाईं। इस अवसर पर एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट संजीव चौहान, सत्येन्द्र सिंहए अरविंद कुमार भगतए एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट सुभाष चंदर सहित जिंदल लेडिज क्लब की सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

पहाड़ मंदिर स्थित वृद्धाश्रम एवं आशा प्रशामक गृह के वृद्धजनों के लिए भोजन की व्यवस्था की गयी। यहां बुजुर्गों ने श्रीमती जिंदल को जन्मदिन की बधाई देते हुए कीर्तन कर उनके दीर्घायुए स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की कामना की। ग्राम चिरईपानी में जिंदल लेडिज क्लब व फोर्टिस ओपी जिंदल अस्पताल की सहभागिता में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता की। जिंदल लेडिज क्लब की श्रीमती सुमन अग्रवाल, श्रीमती रजनी सिंह, श्रीमती रंजू सिंह, श्रीमती रोजा रानी, श्रीमती दीपाली जैन, श्रीमती शशि सिन्हा, श्रीमती रीता देवी, श्रीमती संगीता चौहान, श्रीमती निशा तिवारी, श्रीमती विनायका करमोरे, श्रीमती सेजल शाह, श्रीमती सारिका शर्मा, श्रीमती संतोष शर्मा सहित क्लब की अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभायी। जेएसपी फाउंडेशन की एसएसडी पूंजीपथरा इकाई द्वारा ग्राम तुमीडीह एवं पूंजीपथरा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**रायगढ़।** चन्द्रपुर के नाथल दाई मन्दिर के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से बाईक समेत क्रशर कर्मचारी पुल से नीचे महानदी में ऐसे गिरा कि उसकी जीवनलीला समाप्त हो गई। बेलगाम रफ्तार के कहर से फिर किसी बेगुनाह की बलि चढने के यह मामला सारंगढ़ का है। फरार वाहन चालक की पुलिस तलाश कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चन्द्रपुर के शशिपुर मोहल्ले में रहने वाला प्रताप सिंह पटेल बीते शाम घर से मोटर सायकिल क्रमांक सीजी 11 सीके 8322 लेकर क्रशर में ड्यूटी करने टिमरलगा जाने निकला था। इस दौरान महानदी पुल पार करने वाला प्रताप नाथल दाई मन्दिर के समीप पहुंचा था तभी सामने की तरफ से अपेक्षाकृत तेज और लापरवाही पूर्वक गति से आने वाला अज्ञात वाहन उसे ठोकते हुए नौ दो ग्यारह हो गया। इस दुर्घटना में असन्तुलित बाईक सहित प्रताप पुल नीचे महानदी के पानी में जा गिरा।बताया जाता है कि शरीर के बाहरी के अलावे भीतरी हिस्से से चोटिल प्रताप ने चंद सांसें गिनते ही मौके पर प्राण त्याग दिया। हालांकि, दुर्घटना की सूचना मिलने पर पोखराज पटेल जब अपने पिता प्रताप सिंह की अस्पताल लेकर पहुंचा तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## बाइक में लगी आग से पेट्रोल टंकी ब्लास्ट, महिला की दर्दनाक मौत

**रायगढ़।** जिले के तमनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम समकेरा में तेज हवा और बारिश के दौरान लाईट गुर होने के कारण एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला जमुना बाई अपने कमरे में मोमबत्ती जलाकर सोई हुई थी। इसी बीच देर रात अचानक महिला के कमरे के पास में ही रखे मोटर सायकल में अचानक आग लग गई जिससे मोटर सायकल तक आग की लपटे पहुंचते ही जोरदार ब्लास्ट हुआ और देखते ही देखते आग पूरे कमरे में लग गई और महिला की जिंदा जलकर मौत हो गई। मृतक महिला के दामाद ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि देर रात करीब 12 बजे आवाज सुनकर उसकी पत्नी ने उसे जगाया और जब उन्होंने बाहर निकलकर देखा तो परछी में रखी मोटर सायकल एवं उसकी सास आग की चपेट में आ चुके थे। जिसके बाद उन्होंने घर से बाहर निकलकर मोहल्लेवासी को बुलाया तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। मंगलवार घटित इस घटना की जानकारी अगले दिन महिला के परिजनों ने तमनार थाने में दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची तमनार पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए पूरे मामले को जांच में ले लिया है। इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम ने बताया कि 70 वर्षीय महिला जमुना बाई सिदार खाना खाकर घर की परछी में सो रही थी। इसी बीच परछी में रखे मोटर सायकल में अचानक आग लग गई। जिससे महिला की मौत हो गई।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बगीचा, जिला- जशपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
रा.प्र.क्र............
ग्राम..............
एतद् द्वारा ग्राम नारायणबहली, तहसील-कांसाबेल, जिला-जशपुर के आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि आवेदक विवेक कुमार गुप्ता, जाति-तेली, साकिन- कांसाबेल, जिला-जशपुर में ग्राम नारायणबहली में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 217/2 रकबा 0.405 हे. भूमि स्थित है। उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित करने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो, तो वे स्वयं अथवा अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 29/03/2024 तक दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 15/03/2024 को यह ईश्तहार न्यायालय के सील मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बगीचा, जिला जशपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय, सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र - अम्बिकापुर (छ. ग.)**
**आम सूचना**
सर्व सामान्य आम जनता को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र - अम्बिकापुर द्वारा अटल विहार योजना गम्हरिया जिला - जशपुर (छ.ग.) में निर्मित LIG भवनों में से भवन क्रमांक LIG-20 का आबंटन स्व-वित्तीय आधार पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 81 दिनांक 19.01.2017 के तहत नेहा गुप्ता पिता - श्री कृष्ण प्रसाद गुप्ता के नाम से आबंटित है।
आबंटिती द्वारा भू-खण्ड / भवन को फ्री होल्ड कराने हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है ।
इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था को नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में आवेदन प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी ।
दिनांक: 19/02/2024
**सम्पदा अधिकारी**

## इलेक्ट्रोरल बांड भाजपा के भ्रष्टाचार का नमूना : मालाकार

**रायगढ़।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में इलेक्ट्रोल बांड घोटाले को लेकर क्षेत्रीय विधायक श्रीमती उत्तरी गणपत जांगड़े एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष अरुण मालाकार ने प्रेस वार्ता के माध्यम से उसे देश का बड़ा घोटाला करार दिया है। उक्त घोटाले को ईडी और सीबीआई के सहारे मोदी सरकार की बड़ी डकैती कहां है। विधायक ने कहां की इस जालसाजी के लिए भाजपा पार्टी की मान्यता ही शून्य कर देनी चाहिए।

जिला कांग्रेस कमेटी सारंगढ़ बिलाईगढ़ अध्यक्ष अरुण मालाकार ने प्रेसवार्ता में बताया की मोदी सरकार ने कंपनियों पर ईडी सीबीआई से छापा मरवाकर भाजपा के लिये चंदा वसूला। इलेक्टोरल बांड से संबंधित जो जानकारी सामने आई है उससे साफ हो गया इलेक्टोरल बांड मोदी सरकार द्वारा भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए लाया गया था।यह देश का अब तक का सबसे बड़ा चुनावी चदा घोटाला है। मोदी सरकार ने व्यवसायिक संस्थानों को केन्द्रीय एजेंसियों के माध्यम से डरवा कर छापे मारवाकर गलत कार्यवाही करवा कर इलेक्टोरल बांड के माध्यम से वसूली करवाया। इलेक्टोरल बांड के माध्यम से मोदी सरकार ने घूस भी वसूला। जिन कंपनियों ने भाजपा को चुनावी चंदा दिया उनको हजारो करोड के ठेके दिए गए। जिन कंपनियों ने भाजपा को चंदा दिया उनके खिलाफ मनीलांड्रिंग की कार्यवाही मोदी सरकार ने रोकवा दिया। यह स्पष्ट हो गया कि भाजपा ने अपने आर्थिक लाभ के लिए सारा षडयंत्र किया।

